## खबर संक्षेप

### थाना महाराजपुर द्वारा स्थाई वारंटियो की लगातार गिरफ्तारी



**मण्डला।** पुलिस अधीक्षक मंडला द्वारा जिले के फरार आरोपियों को गिरफ्तार करने हेतु थाना प्रभारियों को विशेष निर्देश दिए गए हैं। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मंडला, एसडीओपी मंडला के मार्गदर्शन में थाना महाराजपुर प्रभारी द्वारा स्थाई वारंटीयो की गिरफ्तारी हेतु लगातार कोबिंग गस्त कर प्रयास किया जा रहे हैं,इसी क्रम में आज दिनांक 11:10.2025 को महाराजपुर पुलिस द्वारा लगातार तलाश पतासाजी कर 2 स्थायी वारंटियों को थाना बिछिया क्षेत्र से गिरफ़्तार कर माननीय न्यायलय पेश कर जेल मंडला मे भेजा गया। गिरफ़्तार आरोपी- 1. आरोपी इरफान खान पिता हनन खान उम्र 35 वर्ष निवासी बिछिया जिला मंडला। 2. शिवसिंह उर्फ सेव सिंह पिता वीर सिंह पट्टा उम्र 29 साल निवासी खुलवा बिछिया। गिरफ्तारी दल- थाना प्रभारी महाराजपुर डॉ जयसिंह यादव के निर्देशन में प्रधान आरक्षक विजय तेकाम, आरक्षक अरविंद बर्मन, संदीप।

### घुघरी में खाद्य विभाग की कार्रवाई, खोवा एवं अन्य खाद्य सामग्री के नमूने लिए गए

**मण्डला।** शनिवार को कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशन एवं अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) घुघरी के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा घुघरी में संचालित अग्रवाल स्वीट्स का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान दुकान में रखे गए खोवा एवं अन्य खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच की गई तथा नमूना परीक्षण हेतु सैंपल संग्रह किए गए। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि नमूनों को प्रयोगशाला परीक्षण के लिए भेजा जाएगा, जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### क्लिनिक छोड़ भूमिगत हुये झोलाछाप डॉक्टर

# पैथी विरुद्ध संचालित अस्पताल हुआ सील







*** बड़ी मात्रा में मिली एक्सपायरी डेट की दवाएं।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/निवास

*स्वास्थ्य के नाम पर जिले के लोगों के साथ जो खिलवाड़ हो रहा है उसके पीछे न केवल ये कथित चिकित्सक हैं जिनकी पैसा कमाने की हवश पूरी ही नहीं होती तो वहीं जिम्मेदार अधिकारी भी उतने ही दोषी हैं क्योंकि ये अपने कर्तव्यों के प्रति या तो उदासीन रहते हैं या फिर कथित चोर चिकित्सकों के टुकड़ों की खातिर अपना मुंह बंद रखते हैं। पिछले कुछ दिनों से लगातार हो रही कार्यवाही में जो फर्जी चिकित्सक और फर्जी दवाखाने तथा दवाई दुकानों में फर्जी दवाईयों के मामले सामने आ रहे हैं क्या ये आज कल ही प्रारंभ हुआ है नहीं यह वर्षो से चल रहा है लेकिन प्रशासन यदि आंख बंदकर बैठा हो तो फिर क्या किया जाये। ऐसा नहीं कि जिले के जिम्मेदार अधिकारियों को कहां क्या अनैतिक गतिविधियाँ या व्यापार हो रहा है उसकी जानकारी न हो लेकिन हमें तो मोटा माल मिल रहा है तो फिर स्वाभिमान जाये भाड़ में लोग मरते हों तो मरते रहें।*

हाल में प्रदेश के कई जिलों में अनेकों छोटे बच्चों की मौत के बाद जागा स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले में डिग्री डिप्लोमा के विपरीत इलाज करने क्लिनिक खोलकर बैठे झोलाछाप डॉक्टरों पर कार्रवाई की जा रही है।

जिला स्वास्थ्य विभाग मंडला के निर्देश पर निवास ब्लॉक मेडिकल अधिकारी डॉ विजय पैगवार, डॉ मधुशुदन मरावी/ तहसीलदार संदीप कुमार नागोसे ने दल बल के साथ निवास के विश्वास मेडिकल स्टोर हॉल में संचालित अस्पताल में छापेमारी की जहां भारी मात्रा में अमानक व एक्सपायरी डेट की दवायें मिली, वहीं छापेमारी की जानकारी मिलते ही उक्त अस्पताल के अलावा अन्य डिस्पेंसरी संचालक डॉक्टर पहले ही अपनी दुकानदारी बंदकर भूमिगत हो चुके थे।

स्वास्थ्य अधिकारियों द्वारा तीन कमरों में अलग 2 रखी विभिन्न दवाओं को पैक कर क्लीनिक सील कर दिया गया।

ज्ञात हो कि निवास सहित आसपास के गांवों में अनेकों झोलाछाप डॉक्टर बाकायदा छोटी बड़ी अस्पताल खोलकर बैठे हैं और धड़ल्ले से बड़ी और गंभीर बीमारियों का इलाज कर मरीजों की जान से खिलवाड़ कर रहे हैं, वहीं इनके द्वारा मरीज के गंभीर होने पर शासकीय अस्पताल जाने की सलाह दे दी जाती है।

डॉक्टरों ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग ने- डेक्सट्रो मेथोरफेन, डायफेन हायड्रामाइन, एम्ब्रोक्सोल, ग्वानाफेसिन, ब्रोम्हेक्सिन,लिवो सोल्ब्यूटामोल, जैसी अन्य दवाएं व कफ सीरप को प्रतिबंधित किया है।

लेकिन झोलाछाप डॉक्टरों को शासन प्रशासन के निर्देश व प्रतिबंध कोई मायने नहीं रखता, वहीं इलाज के नाम पर परंपरागत और लंबे समय से बाल मरीजों को खिलाते चले आ रहे अमानक दवाओं को झोलाछाप डॉक्टरों द्वारा धड़ल्ले से सर्दी खाँसी बुखार व मौसमी सामान्य बीमारियों के उपचार हेतु दिया जा रहा है, साथ ही ऐसे डॉक्टरों के पास सिजनेबल बीमारियों के उपचार हेतु पर्याप्त स्टॉक होता है जिसे ज्यादा और जल्दी खपाना इनकी मजबूरी होती है।

### इनका कहना है-

*जिला कलेक्टर कार्यालय द्वारा जारी आदेश पत्र के परिपालन में यह कार्रवाई की जा रही है, इस क्लिनिक में भारी मात्रा में अमानक दवाएं मिली हैं अन्य स्थानों पर भी कार्रवाई की जायेगी।*

***-डॉ. विजय पैगवार, (बीएमओ निवास)***

### कारीकोन तिराहा महाराजपुर में संचालित अवैध क्लिनिक सीलबंद

राजस्व एवं स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम द्वारा कारीकोन तिराहा, महाराजपुर में संचालित एक अवैध क्लिनिक पर कार्रवाई करते हुए उसे सीलबंद किया गया। निरीक्षण के दौरान टीम ने क्लिनिक से संबंधित दस्तावेजों की जांच की, जिसमें आवश्यक अनुमति एवं पंजीयन न पाए जाने पर तत्काल प्रभाव से क्लिनिक को बंद करा दिया गया।



### सिद्ध टेकरी कॉलोनी से 71 हजार 780 रूपए का अवैध शराब जप्त



**मण्डला।** मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर सिद्ध टेकरी कॉलोनी रोड पर स्थित घर की तलाशी ली गई। जिसमें किचन में फ्रिज के नीचे एक चैम्बर के अंदर विदेशी मदिरा व्हिस्की की 5 पेटियां, रम की 2 पेटियां, 1 प्लास्टिक की बोरी में 1 पेटी गोआ व्हिस्की बरामद की गई। जप्त मदिरा की अनुमानित कीमत 71 हजार 780 रूपए है। आरोपी महिला गोदावरी यादव को धारण क्षमता से अधिक मदिरा रखने पर मौके पर गिरफ्तार कर प्रकरण विवेचना में लिया गया। कार्यवाही के दौरान आबकारी उपनिरीक्षक सर्वेश नागवंशी, विजय कमलेश, महेश पटेल, प्रिया नायडू, नेतराम ककोटिया, सत्यपाल मरावी उपस्थित उपस्थित रहे।

### मंडला पुलिस द्वारा साइबर फ्रॉड के संबंध में जागरूकता अभियान का आयोजन

**मण्डला।** थाना घुघरी द्वारा सार्वजनिक सभा मंच के पास ग्राम सिलघिटी, चौकी क्षेत्र ग्राम धनपुरी में शासकीय माध्यमिक स्कूल में साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित विद्यार्थियों, शिक्षकों, ग्रामवासियों को विभिन्न प्रकार के साइबर अपराधों, विशेष रूप से व्हाट्सएप हैकिंग एवं फ़िशिंग लिंक द्वारा होने वाली ठगी के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई एवं सायबर अपराध एवं हेल्पलाईन नंबर 1930 के संबंध में बताया गया।

### हाईस्कूल घोंटा में विधिक जागरुकता शिविर सम्पन्न



**भुआबिछिया।** संस्था पीएम श्री एकीकृत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय घोंटा विकास खंड मवई में आज दिनांक 11.10.2025 को विधिक जागरूकता सम्पन्न शिविर का आयोजन न्यायाधीश श्रीमती मीनल गजवीर अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति भुआ बिछिया एवं संस्था के समस्त स्टाफ की उपस्थिति में शिविर का आयोजन किया गया तत्पश्चात संस्था प्रभारी आर. बी. बघेल के द्वारा गुलदस्ता भेंट कर, शिविर का शुभारंभ छात्राओं की स्वागत गीत की सुन्दर प्रस्तुती से किया गया! तत्पश्चात न्यायाधीश महोदया के द्वारा विधिक जागरूकता शिविर का उद्देश्य बच्चों को उनके कानूनी अधिकारों, अपराधों एवं कर्तव्यों के बारे में जागरूक करना ताकि वे अपने अधिकारों की रक्षा कर सके और कानूनी समस्याओं का समाधान प्राप्त कर सकें शिविर में मुख्य रूप से पोक्सो एक्ट महिलाअधिकार, बाल अधिकार, कानूनी कर्तव्य,कानूनी अपराधों के बारे में जानकारी विस्तृत रूप से दी गई।

### विजयादशमी उत्सव पर 13 को निकलेगा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का पथ संचलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



**राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा विजयादशमी उत्सव की श्रृंखला के अंतर्गत मंडला नगर का शस्त्र पूजन एवं पथ संचलन सोमवार, 13 अक्टूबर 2025 को आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर मध्य क्षेत्र के सह क्षेत्र प्रचारक श्री प्रेमशंकर जी सिदार मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहेंगे और स्वयंसेवकों को संबोधित करेंगे।**

कार्यक्रम के अंतर्गत संचलन का शुभारंभ अपराह्न 3:30 बजे अष्टविनायक लॉन, डिंडोरी नाका से किया जाएगा। संचलन नगर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से होते हुए पुनः अष्टविनायक लॉन पर समाप्त होगा। इस दौरान स्वयंसेवक गण निर्धारित गणवेश में अनुशासनबद्ध रूप से पथ संचलन करेंगे।

संघ अधिकारियों ने बताया कि यह संचलन न केवल विजयादशमी पर्व का प्रतीकात्मक आयोजन है, बल्कि राष्ट्र निर्माण और समाज सेवा के प्रति संघ की एकता, अनुशासन और समर्पण भावना का प्रदर्शन भी है।राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने अपने शताब्दी वर्ष के इस विशेष अवसर पर नगर के नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर उत्सव को शामिल होने का आग्रह किया है।

## महिलाओं ने अखंड सौभाग्य के लिए लिए की करवा चौथ की पूजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/भुआबिछिया



नगर सहित क्षेत्र की सौभाग्यवती महिलाओं ने पति की दीर्घायु के लिए करवा चौथ का व्रत रखा ओर रात्रि कालीन समय में चांद के दर्शन कर पूजन अर्चन कर पति की लंबी उम्र परिवार के लिए सुख समृद्धि कामना की शुक्रवार को करवा चौथ पर महिलाओं ने परंपरागत वेशभूषा धारण कर करवा चौथ का व्रत रखा और सामूहिक आयोजन में शामिल होकर करवा माता, गोरी माता कि पूजा कर कथा सुनी इस अवसर पर सभी ने पति पत्नी के अटूट रिश्ते के लिए कामना की, महिलाओं ने पूजा अर्चन कर एक दूसरे से थाली एक्सचेंज करते हुए रस्मो कि अदायगी की, इस अवसर पर सभी महिलाएं परंपरागत ड्रेस कोड साड़ी लहंगा पहनकर शामिल हुई, पूजा के बाद रात्रि में चन्द्र देवता के दर्शन कर पूजा सामग्री के साथ अर्क देती हैं उसके पश्चात पति की पूजा करके पति के हाथ से जल प्रसाद ग्रहण करके अपना व्रत पूरा की।

इसके पश्चात सभी राममंदिर और नजदीक के मंदिर जाकर भगवान के दर्शन कर नदी सरोवर में सभी ने दीपदान किया इस अवसर पर संध्या काल से रात्रि कालीन तक मंदिरों देवालयों में महिलाओं की भारी भीड़ देखी गई।

**विडम्बना** | पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस परिसर में अतिक्रमण का मामला गर्माया।

# अतिक्रमणकारी को संरक्षण दे रहा प्रशासन





*** रेस्ट हाउस परिसर का हो सीमांकन।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/भुआबिछिया

तहसील मुख्यालय बिछिया स्थित लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) का एकमात्र रेस्ट हाउस अतिक्रमण की चपेट में आ गया है। रेस्ट हाउस परिसर में धीरे-धीरे कुछ लोगों द्वारा पक्के निर्माण किए जा रहे हैं, लेकिन विभाग की ओर से अब तक ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।

शनिवार को प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई, जिसमें एक व्यक्ति की हाल ही में बनाई गई बाउंड्रीवॉल को तोड़ा गया। संबंधित व्यक्ति ने आरोप लगाया है कि कार्रवाई एकपक्षीय रूप से की गई है। बताया गया कि उन्हें एक दिन पूर्व ही तहसील कार्यालय से नोटिस जारी किया गया था और अगले ही दिन कार्रवाई कर दी गई, जबकि रेस्ट हाउस परिसर में अन्य लोगों का भी कब्जा है जिन्हें अब तक नहीं हटाया गया है।

स्थानीय निवासी सौरभ अग्रवाल ने बताया कि उन्होंने प्रशासन से रेस्ट हाउस का सीमांकन कर सभी अतिक्रमण हटाने की मांग की थी, परंतु उल्टा उन पर ही अवैध कब्जे का आरोप लगाकर कार्रवाई की गई। उन्होंने कहा कि इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर सीमांकन के बाद सभी अतिक्रमणकारियों पर समान रूप से कार्रवाई की जानी चाहिए।

क्षेत्र के लोगों ने भी मांग की है कि रेस्ट हाउस परिसर का सीमांकन शीघ्र कराया जाए और जो भी अतिक्रमणकारी हैं, उन पर बिना किसी भेदभाव के कार्रवाई की जाए।

### इनका कहना:-

*रेस्ट हाउस की जमीन पर कब्जा किया गया था। शिकायत के बाद जबाव तलब किया गया। नोटिस देकर समय भी दिया गया। वैध दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराए गए। नोटिस के बाद भी कब्जाधारी ने स्वंय कब्जा नहीं हटाया जिसके बाद प्रशासनिक रूप से कब्जा हटवाया गया। परिसर में अन्य कब्जे की जानकारी नहीं है शिकायत आएगी तो जांच कर कार्रवाई की जाएगी।*

***-शंकर मरावी, तहसीलदार भुआबिछिया***

*साल 2022 में रेस्ट हाउस परिसर में हुए अतिक्रमण की शिकायत मैंने तहसील और सीएम हेल्पलाइन में की थी। शिकायत वापस लेने का दबाव बनाया गया, लेकिन मैंने नहीं मानी। उसके बाद भी आज तक अतिक्रमण नहीं हटाया गया। उल्टा अतिक्रमणकारी ने और निर्माण कर लिया और बाजार में भी कब्जा कर लिया। वहीं मेरे वैध बाउंड्रीवाल को तोड़ दिया गया। प्रशासन और पीडब्ल्यूडी अधिकारी अतिक्रमणकारियों को संरक्षण दे रहे हैं। इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए।*

***सौरभ अग्रवाल, स्थानीय निवासी***

### ग्राम रूसा में प्रशासन की बड़ी कार्रवाई, शासकीय भूमि से 26 अतिक्रमण हटाए गए

**मण्डला।** कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा के निर्देशन में प्रशासनिक अमले द्वारा ग्राम रूसा, तहसील बिछिया में शासकीय भूमि पर किए गए अतिक्रमणों को हटाने की कार्रवाई की गई। इस दौरान कुल 26 अतिक्रमण हटाए गए। कार्रवाई में राजस्व विभाग, पुलिस विभाग एवं पंचायत अमले की संयुक्त टीम मौजूद रही। टीम ने मौके पर पहुंचकर शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त कर सरकारी उपयोग के लिए पुनः सुरक्षित किया।

## वृद्ध कृषक ने सामाजिक भवन के लिए दिया 2 लाख 51 हजार का दान

*** जिला लोधी क्षत्रीय समाज करेगा सम्मान।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



इस समय चारों तरफ से पैसा कमाने के लिए लोग गलत को सहीं और सहीं को गलत कर कमीशन लेने में लगे हुए हैं। कुछ दवा में जहर मिलाकर तो कुछ लोग बच्चों के पोषण आहार व शैक्षणिक सामग्री में डॉका डाल रहे हैं कई तो नोटों के बिस्तर में सो रहे हैं। हर रोज कोई न कोई घोटाले की खबर सामने आती है। इस बिगडी फिजा के बीच यदि कोई व्यक्ति देश व समाज के लिए समर्पित है तो वह हमारे लिए प्रेरणास्त्रोत है हम बात कर रहे हैं ग्राम ग्वारा के निवासी 80 वर्षीय कृषक चिरौंजी लाल जंघेला जिनका पुत्र संजय जंघेला जम्मू काश्मीर आर्मी में कार्यरत होकर देश की रक्षा के लिए तैनात है तो वहीं पिता चिरौंजी लाल जंघेला वृध्दु व कृषक होते हुए भी सामाजिक गतिविधियों में अपनी अग्रणी भूमिका अदा करते हुए महाराजपुर स्थित संगम घाट में लोधी समाज के निर्माणाधीन भवन के लिए पिछले दिनों 2 लाख 51 हजार 1 सौ 11 रूपये का दान दिया गया जो अनुकरणीय है। जिला लोधी क्षत्रीय समाज द्वारा श्री जंघेला का धन्यवाद ज्ञापित किया गया। समाज के जिला अध्यक्ष कन्हैया ठाकुर ने बताया कि शीघ्र ही आगामी आयोजित होने वाले गरिमामयी कार्यक्रम में ऐंसे प्रेरणात्मक व्यक्तियों का सम्मान किया जायेगा।

## पडौसी जिले रायसेन निवासी युवक के पास से जप्त किया मादक पदार्थ गांजा सहित मोटर साईकिल

**अवैध धंधा करने वालों में हलचल मची हुई दिखाई**

# गाडरवारा पुलिस अनुविभाग में लगातार दूसरे दिन फिर देखने मिली पुलिस की बड़ी कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।

कहा जाता है कि यदि पुलिस का मुखबिर तंत्र पूर्णरूप से सक्षम व सक्रिय होता है तो अपराधी हो या फिर अवैधानिक कृत्य करने वाले पुलिस की पकड़ से ज्यादा समय तक दूर नही रह पाते है। इसी के चलते क्षेत्र के थानों में पदस्थ रहने वाले अधिकारी हो या फिर थाना प्रभारी आम जानता के बीच इस तरह का व्यवहार बनाने के साथ साथ अपने मुखबिर तंत्र को मजबूत किया जाता है। यदि पुलिस का मुखबिर तंत्र सक्षम होता है तो निश्चित तौर से अधिकारियों को अपने क्षेत्र की कानून व्यवस्था बनाने में चार चांद लग जाते है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा तथा नगर निरीक्षक विक्रम रजक की जोड़ी में देखने मिल रही है। बताया जाता है कि अपनी टीम में शामिल पुलिस कर्मियों की पेहरेदारी तथा मुखबिर तंत्र की सक्रियता के चलते मादक पदार्थो के अवैध कारोबार पर कार्यवाही करते हुये लगातार सफलताये मिलते हुये देखी जा रही है। इसी का परिणाम है कि बीते हुये दिवस मिश्रा व रजक की जुगल जोड़ी द्वारा पडौसी जिले के एक युवक के पास से मादक पदार्थ गांजे को परिवहन करते हुये पकड़ने में सफलता हासिल करते हुये उसके पास से गांजा सहित मोटर साईकिल जप्त की गई है। ज्ञात हो कि जिला पुलिस अधीक्षक ऋषिकेश मीना के निर्देशन में मादक पदार्थो के खिलाफ चलाई जा रही धरपकड़ मुहिम के चलते बीते हुये दिवस क्षेत्र में गस्त कर रही थी उसी दौरान मुखबिर द्वारा सूचना मिली की ग्राम कामती रोड़ शनि मंदिर के पास एक युवक मोटर साईकिल के साथ खड़ा हुआ है और ऐसा प्रतीत हो रहा है कि शायद उसके पास कुछ मादक पदार्थ है। इस सूचना से टीआई द्वारा अपने वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत









कराया गया। जिसके चलते जिला पुलिस अधीक्षक द्वारा आरोपी को माल सहित पकड़ने के निर्देश देने पर। अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक संदीप भूरिया के मार्ग दर्शन व उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा के दिशा निर्देश तथा टीआई विक्रम रजक के नेतृत्व एक टीम का गठन किया गया। बनाई गई इस टीम में मुख्य रूप से उप निरीक्षक अर्जुन सिंह बघेल,प्रधान आरक्षक रामगोपाल सिंह राजपूत,वरिष्ठ आरक्षक रूपेन्द्र चौबे, अखिलेश पटेल, आरक्षक बालकृष्ण रघुवंशी बल्लू, सुजीत बागरी, शिवम पटैल, दीपक राजपूत व करन सिंह को शामिल किया गया था। मुखबिर द्वारा बताये गये स्थान पर जब यह टीम पहुंची तो वहां पर एक युवक संदिग्ध स्थिति में दिखाई देने के साथ पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगा। इस तरह टीआई विक्रम रजक की टीम द्वारा युवक को पकड़ते हुये जब उससे पूछताछ की गई तो उसने अपना नाम राहुल पिता जीवन सिंह राजपूत उम्र 22 साल निवासी तलापार उदयपुरा जिला रायसेन बताया गया। वही युवक के पास रखी हुई थैली की तलाशी लेने पर पुलिस को उसके अंदर लगभग पांच किलो गांजा मिला। इस प्रकार से पुलिस द्वारा आरोपी के पास से मादक पदार्थ गांजा सहित परिवहन करने के रूप में उपयोग की जा रही होरो स्प्लेंडर मोटर साईकिल को जप्त किया गया। इस प्रकार से आरोपी के पास गाडरवारा पुलिस टीम द्वारा गांजा सहित मोटर साईकिल कुल कीमत एक लाख रूपया की सामग्री जप्त करते हुये आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला कायम करते हुये गिरप्तारी उपरांत मा. न्यायालय के समक्ष पेश करते हुये रिमार्ड पर लेकर पूछताछ की जा रही है। इस तरह पडौसी जिले के युवक को अवैध गांजे के साथ पकड़े जाने की सच्चाई ने यह बात तो उजागर कर दी गई है कि यह युवक इस मादक पदार्थ को लेकर यहां तक निश्चित तौर से सांईखेड़ा मार्ग से होते हुये ही पहुंचा होगा। खैर जो भी हो मगर इस समय गाडरवारा उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा तथा नगर निरीक्षक विक्रम रजक द्वारा जिस तरह मादक पदार्थो के अवैध कारोबार को लेकर डंडा घुमाते हुये देखे जा रहे है उसके चलते मादक पदार्थ का अवैध धंधा करने वालों में हलचल मची हुई दिखाई देने लगी है। यदि यह मुहिम इसी प्रकार से लगातार जा रहती है तो निश्चित तौर से मादक पदार्थ के अवैध कारोबार पर काफी हद तक अंकुश लगाने में सफलता मिलने की उम्मीद से इंकार नही किया जा सकता है...?

**खबर संक्षेप**

## किराये से लगाने वाले वाहनों में शासन के नियमों को किया जा रहा है नजरअंदाज

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। आबादी के बढ़तो दबाव के चलते पूरे जिले मे सड़कों पर दौडने वाले चार पहिया सवारी बाहनों की संख्या भी तेजी से बढ़ती चली जा रही है। इन वाहनों पर नियंत्रण के लिए नियम कायदे बने है,जिनका पालन कराने की जिम्मेदारी परिवहन विभाग की है मगर विभागीय सुस्ती के कारण सड़कों पर बगैर परमिट के अनेक टैक्सी धडल्ले से चल रहे है जिसको लेकर देखा जाता है कि प्रशासन द्वास वाहन चैकिंग के नाम पर कभी कभार कागजी खानापूर्ति के लिए एक दो वाहनों का चालान कर दिया जाता है बगैर टैक्सी परमिट के दौड़नें वाले वाहनों की संख्या क्षेत्र में हजारों में है, जिसमें प्रमुख रूप से देखा जावे तो यहां पर स्थित अनेक कंपनियों द्वारा अनेक वाहनों को किराया पर ले किया गया है, जिनके किराये से लागने के लिए भी परमिट होना जरूरी होता है, मगर बिना टैक्सी परमिट के वाहन मे सवारियों का परिवहन करना सरासर परिवहन नियमों की अवहेलना हो रही है वही एक तरफ जहां नियमों के परखच्चे उड़ रहे है। वही दूसरी तरफ टैक्स के माध्यम से सरकार को मिलने वाले राजस्व मे भी कमी आ रही है, देखने मे आ रहा है कि अधिकांश जीप,मार्शल, बुलेरो, स्कारपियों या उसे जैसे वाहन निजी कंपनियों में किराय पर सवारी ढोने के काम मे लगे हुए है, इस प्रकार वाहन मालिक टैक्स की राशि बचाकर अपने वाहनों को सवारियों के परिवहन मे लगा देते है और परिवहन विभाग कभी इसी जांच के लिए व्याापक अभियान नही छेड़ता, परिणाम स्वरूप ऐसे वाहन धडल्ले से चल रहे और इनकी संख्या दिनोदिन बढ़ती जा रही है, जब कोई दुर्घटना होती है तब अधिकारियों से लेकर आम पब्लिक हाथ मलते रह जाती है, नगर में स्थित व क्षेत्र में स्थित अनेक कंपनियों में इसी प्रकार अधिकांश शासकीय विभागों मे निजी वाहनों को किराए पर लगाया गया है, जबकि शासन के स्पष्ट निर्देश है कि किसी भी सरकारी दप्तर से आवश्यकता होने पर जो वाहन किराए पर लगाए जाएं उनका रजिस्ट्रेशन परिवाहन विभाग मे टैक्सी वाहन के रूप मे होना अनिवार्य है, परिवहन विभाग के पास इन वाहनों पर कार्यवाही किये जाने की जानकारी नही मिली?

## फर्जी डिग्रीधारी डॉक्टर कर रहे लोगों की जान से खिलवाड़

हरिभूमि न्यूज/चीचली। क्षेत्र मे इन दिनो फर्जी डिग्रीधारी, डॉक्टर अनपढ़ लोगो को दवाइयों के नाम पर लूट खसोट करने मे कोई कोर कसर बाकी नही रखते है? जबकि अंचल में पड़ोसी राज्यो के फर्जी डॉक्टरों द्वारा दवाई करने के नाम पर डिस्पेंसरी का संचालन किया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार यहां पड़ोसी राज्यों बंगाल, बिहार, कलकत्ता,उड़ीसा आदि राज्यों सें आकर लोग डॉक्टरी पेशे को कमाई का जरिया बनाये हुए है और जो लोगों को दवाइयां करने के नाम पर ठगने मे कोई कोताही नही बरतते है? इतना ही नही मर्ज कितना भी जटिल क्यो न हो ये डॉक्टर दवाई करने से नही चूकते है।

## खेतों में खड़ी हुई धान फसल में लगातार बढ़ रहे कीटों के प्रकोप से परेशान अन्नदाता बचाव को लेकर हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज/सालीचौका

कहने के लिये तो केन्द्र से लेकर प्रदेश सरकार द्वारा किसानों को अनेक प्रकार की योजनायों के नाम गिनाते हुये सहायता पहुंचाने की बात कही जाती है। मगर जब किसानों को अपने खेती के लिये जिस जरूरी सामग्री की आवश्यकता होती है वह नही मिल पाती है। वही दूसरी ओर किसानों को उचित कृषि संबंधी सालह देने के लिये कृषि विभाग तो बना हुआ है। मगर उसके अधिकारी खोजने से भी दर्शन देना उचित नही समझे है जिसके चलते खेती का धंधा करना मुश्किल होने से नही चूक रहा है..? इस समय देखा जावे तो जहां क्षेत्र का अन्न देता आने वाले दिनों में चना, गेंहू, मसूर सहित अन्य फसलों की बोनी करने के लिये तैयारी मे जुटा हुआ है। मगर खाद को लेकर परेशान होते हुये देखा जा रहा है तो दूसरी ओर किसानों ने अपने खेतों में धान की फसल पहले रोपित कर दी गई थी वह कुछ जगहों पर कटते हुये दिखाई देने लगी है। मगर इस साल जरूरत से ज्यादा बारिश होने के चलते अनेक खेतों में पानी भरा होने के चलते धान फसल अनेक प्रकार के कीटों के प्रकोप की गिरप्त में जाते हुये देखी जा रही है। क्योंकि जिन किसानों ने रोपाई में देरी हुई थी उस धान फसल को कटने में अभी देरी लगने का अनुमान है। इस तरह किसानों के खेतों में खड़ी हुई धान सहित गन्ना फसल में जिस तरह अनेक प्रकार की बीमारियाँ फैल रही है। मगर शासन प्रशासन द्वारा फसल में उन बीमारियों से बचाव को लेकर किसी भी प्रकार की शासन द्वारा मदद मिलते हुये दिखाई नही दे रही है? इस तरह कुछ वर्षो से प्रकृति मार अन्नदाताओं के ऊपर लगातार प्रकृति की मार पड़ने से नही चूक पा रही है। क्योंकि इस वर्ष जिस प्रकार इन्द्रदेव द्वारा कृपा करते हुये बारिश के रूप में जो आर्शीवाद प्रदान किया गया था उसके चलते निश्चित ही क्षेत्र के किसानों में काफी हद तक यह उम्मीद जाग गई थी कि शायद इस बार उनकी किस्मत साथ दे देगी और वह







परेशानियों से उभर जावेगे। मगर लगातार हुई बारिश के चलते जहां किसानों के खेतों में लगाई हुई उडद तथा सोयाबीन फसल प्रभावित होने से नही बच पाई है तो दूसरी ओर हालत यह देखे जा रहे है कि खेतों में खड़ी हुई धान सहित गन्ना फसल में फुंदीनुमा कीट व इल्ली दिखाई देने से किसानों के चेहरों पर फिर चिंता के बादल मडराते हुये साफ दिखाई देने लगी है। परेशान किसानों के मन मुताबिक बारिश होने के चलते निश्चित ही किसानों के खेतों में लहलाहाती हुई धान से निकलने वाली खुशबू किसानों के चेहरों पर खुशी का इजहार करने में कोई कसर नही छोड़ रही थी। मगर पता नही कि आखिरकार किसानों के चेहरों पर दिखाई देने वाले खुशी को कौन सा ग्रहण लगता हुआ है जिसके चलते फसल तैयार होने की स्थिति में उसके ऊपर प्रकृति की मार का ग्रहण लगते हुये दिखाई देना शुरू हो जाता है। शायद क्षेत्र के किसानों के सामने भी ऐसा पहला मौका होगा जब धान की फसल में उनके द्वारा इस प्रकार से इल्ली लगते हुये देखा जा रहा है..? क्योंकि इस प्रकार से इल्लीनुमा पैदा हो रही कीट वाली बीमारी का सही नाम तो पता नही चल पा रहा है। मगर कुछ लोग इसे फाल आर्मी वर्म कीट का नाम देते हुये देखे जा रहे है...? इस प्रकार किसानों की धान गन्ना फसल को इस कीट द्वारा जिस प्रकार से बर्बाद करने के साथ साथ उसकी पैदा बढ़ते हुये देखी जा रही है उसके चलते किसानों द्वारा अपनी फसल को बचाना मुश्किल हो गया है? बताया जाता है कि यह कीट धान के पेड़ के नीचले भाग में तो फुंदी गन्ना के पत्तों पर निवास करते हुये अपने द्वारा त्यागे गये मल के माध्यम से अपनी प्रजाति की पैदावार में इजाफा करते हुये दिखाई देने की खबरे मिल रही है। इस प्रकार से किसानों के खेतों में खड़ी हुई फसल जिस प्रकार से बर्बाद होते हुये देखी जा रही है इस ओर न तो प्रशासन द्वारा किसी प्रकार का ध्यान दिया जा रहा है और न ही कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा जिसके चलते लगातार बढ़ रहे इस कीट से अपनी धान फसल को बचाने के लिये क्षेत्र का किसान कीट नाशक दुकानों की अंदाज के आधार पर कीट नाशक दबाईयाँ खरीदने के बाद उनका छिड़काब करते हुये देखा जा रहा है। मगर इसके बाद भी इस कीट की बढ़ती हुई पैदावार पर अंकुश नही लगने के कारण किसानों को आर्थिक बोझ सहन करने के लिये मजबूर हो रहा है। जबकि नियम अनुसार सरकार द्वारा किसानों को फसलों में लगने वाली कीटों के बचाव के लिये कृषि विभाग की स्थापना की गई जिसमें तैनात अधिकारियों द्वारा किसानों के बीच पहुंचकर उन्हें कीटों से अपनी फसलों को बचाने के लिये उचित सलाह देना चाहिये। मगर कृषि विभाग इस समय जिस प्रकार से अपनी कुंभकर्णी निद्रा में होने के चलते अन्नदाता को लाभ मिलते हुये दिखाई नही पड़ पा रहा है।

## आये दिन एटीएम में राशि खत्म होने से परेशान हो रहे उपभोक्ता

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** देश के प्रधान मंत्री द्वारा भारत देश को डिजीटल बनाने की सोच रखते हुए सभी व्यक्तियों को बैक खाते खुलवाने की शुरूआत करते हुए उनका लेनदेन करने के लिए एटीएम कार्डो की व्यवस्था दी गई है। इसी के चलते नगर में लगभग सभी बैकों द्वारा अपने एटीएम तो स्थापित किये गये है, मगर बैकों द्वारा एटीएम को लेकर बरती जा रही उदासीनता के चलते उपभोक्ताओं को आये दिन परेशान होना आम बात बन चुकी है। क्योंकि उपभोक्ताओं की सोच रहती है कि वह अपने साथ ज्यादा राशि लेकर इसलिए नही चलते है कि बैकों द्वारा प्रदान किये गये एटीएम कार्डो के माध्यम से जरूरत पड़ने पर राशि निकाल सकते है। मगर नगर में स्थापित एटीएमों में आये दिन देखा जाता है कि राशि खत्म होने के कारण उपभोक्ताओं को परेशान होने के लिए मजबूर होना, क्योंकि एटीएमों की रख रखाबों में बैको द्वारा बरती जा रही लापरवाही का ही परिणाम है कि न तो उनके द्वारा स्थापित किये गये ए टी एमों के पास न कोई सुरक्षा गार्ड रहता है और न ही कोई ऐसा व्यक्ति नगर में भ्रमण करते हुए दिखाई देता है जब एटीएम के अंदर राशि समाप्त हो जाती है तो उसकी सूचना पहुंचाते हुए राशि डालने की प्रक्रिया पूर्ण की जा सके। इस प्रकार से देखा जा रहा है कि 24 घंटे में मात्र एक बार ही निर्धारित राशि डाले जाने के कारण वह चंद घंटों में समाप्त होने की स्थिति में दिन दिन भर उपभोक्ताओं को एक ए टी एम से दूसरे ए टी एम तक भटकने के बाद भी खाली हाथ रहने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है? जबकि सच्चाई पर गौर किया जावे तो इस समय कोरोना वायरस के बचाव को ध्यान में रखते हुये जहां उपभोक्ता बैकों में लगने वाली लाईनों से बचने के लिये एटीएमों के माध्यम से अपनी राशि निकाल कर अपने आपको सुरक्षित रखना चाहते है, मगर बैकों द्वारा इन खाली होने वाली एटीएमों को समय पर राशि नही भरने के कारण उपभोक्ताओं को बैक शाखाओं में पहुंचकर लम्बी लाईने लगाने के लिये मजबूर होते हुये देखा जा रहा है।




## सड़क किनारे खड़े होने वाले ऑटो बने स्कूली बच्चों की परेशानी का कारण

हरिभूमि न्यूज/ सांईखेडा। इस समय दादा धूनी वालों की नगरी में जहां कानून व्यवस्था जिस प्रकार पटरी से उतरते हुए देखी जा रही है उसे देखते हुए आम लोग अपने आपको को पूर्ण रूप से असुरक्षित महसूस कर रहे है? क्योंकि यातायात व्यवस्था की सच्चाई पर गौर किया जावे तो वह भगवान भरोसे चलते हुए दिखाई पड़ रही है। बताया जाता है कि नगर के हाई स्कूल भवन की बाउंड्री के पास सबारियों के लिए खड़े होने वाले आटों के चलते जहां आम लोगों के लिए यातायात व्यवस्था चौपट होते हुए देखी जा रही है। वही दूसरी और यहां पर आटों खड़े रहने के कारण स्कूली छात्र छात्राओं के लिए मुश्बित का कारण बन रहे है। जानकारी के अनुसार हाई स्कूल के पास जिस स्थल पर यह आटों मुख्य मार्ग के समीप खड़े होते है वहां से ग्राम बम्हौरी, बरहटा, रम्पुरा सहित अन्य गांवों का मार्ग है जहां पर दिन भर लोगों का आना जाना लगा रहता है, वही स्कूली छात्र छात्राओं का भी आना जाना होता है। मगर जब यह आटों यहां पर खड़े हो जाते है तो स्कूली बच्चों के साथ साथ आम लोगों का निकलना मुश्किल हो जाता है। इतना ही नही आटों के आस पास खड़े होने वाले मनचलों सहित कुछ आटों चालकों की अश्लील हरकतों का शिकार स्कूली छात्राओं को होने के लिए मजबूर होते हुए भी देखा जाता है? यह बात अलग है कि छात्राएं अपनी लोक लाज के चलते इस बात की शिकायत पुलिस से करने में तो डरती है? मगर खुलेआम इस सच्चाई को आये दिन लोगों द्वारा देखते हुए पुलिस की उदासीनता पर चर्चा करते हुए देखे जाते है? यदि यहां पर आटों खड़े होने की सच्चाई पर गौर किया जावे तो दिन भर पुलिस की गस्त व्यवस्था के दौरान भी पुलिस कर्मचारियों द्वारा यहां की बिगड़ी हुई व्यवस्था को देखते हुए नजर अंदाज कर दिया जाता है कि जिसके चलते स्कूली छात्र छात्राओं के साथ इस मार्ग से निकलने वाले आम लोगों को भी परेशानियों का सामना करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है? आमजन का कहना है कि यदि समय रहते हुए पुलिस प्रशासन द्वारा इस समस्या की ओर ध्यान नही दिया गया तो निश्चित तौर से यहां पर किसी दिन कोई बड़ी घटना घटित होने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है?



## बिजली विभाग की उदासीनता के चलते ग्रामीण क्षेत्रों में घटित हो सकती है किसी दिन बड़ी घटना

**हरिभूमि न्यूज/सालीचौका।** जहां एक ओर बिजली विभाग द्वारा लोगों को बिजली प्रदान करने के नाम पर बिलों की बसूली करने में कोई कसर नही छोड़ी जाती है। वही दूसरी ओर सरकार द्वारा हर वर्ष बिजली विभाग को लाईनों में रख रखाव के नाम पर भी करोड़ो रूपया खर्च किये जाते है। मगर इसके बाद भी देखा जा रहा है कि बिजली विभाग द्वारा बिजली लाईनों के रख रखाव में बरती जा रही उदासीनता के चलते आम लोगों को परेशानियों का सामना करने के लिये मजबूर होना पड़ता है। जिसमें प्रमुख रूप से देखा जावे तो गांवों जिस प्रकार से वर्षो पुरानी लाईनों के माध्यम से बिजली विभाग द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों के खेतो से लेकर गांवों में बिजली सप्लाई की जाती है उसके चलते आये दिन लाईनों में खराब होने के कारण जहां लोगों को अघोषित बिजली का संकट झेलने के लिये मजबूर होते हुये तो देखा ही जाता है। वही दूसरी ओर किसानों के खेतों से लेकर गांवों में वर्षो पुराने बिजली तार जिस प्रकार से झूला झूलते हुये देखे जाते है उसके चलते जब जरा सी हवा चलती है तो वह चिग्गारी छोड़ने से नही चूकते है। इसी का परिणाम है कि हर वर्ष सैकड़ो किसानों की खेतों में खड़ी हुई फसल जहां जलकर खाक हो जाती है। वही गांवों में लोगों के आशियाने भी जलने से नही बच पाते है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय सालीचौका, सांईखेड़ा सहित चीचली विद्युत वितरण केन्द्रो के अंतर्गत आने वाले अनेक गांवों मे देखने मिल रही है जहां पर गांव के अंदर लगी हुई बिजली लाईन की स्थिति इस प्रकार से देखी जा रही है कि लोगों के घरों के ऊपर बिजली तार झूला झूलते हुये नजर आने के साथ किसी बड़ी घटना को आमंत्रण देते हुये जान पड़ रहे है? इस प्रकार से ग्राम के अंदर लोगों के घरों के ऊपर से खस्ता हाल स्थिति में झूल रहे तारों से आये दिन हवा चलने के दौरान चिंगारी निकलते हुये देखी जाती है वही ग्रामवासियों की जिन्दगी के लिये पूर्णरूप से खतरे की घंटी बजाने से भी नही चूक रहे है, जिसको लेकर ग्राम के लोगों द्वारा बिजली विभाग के अधिकारियों से गुहार लगाते हुये मांग की गई है कि समय रहते हुये इन झूला झूलते हुये बिजली तारों में सुधार करते हुये ग्रामवासियों के बीच पैदा हो रही दहशत को समाप्त किया जावे।

















**खबर संक्षेप**

## गोरखपुर मंडल में संघ का शताब्दी वर्ष उत्साहपूर्वक मनाया गया, भव्य पथ संचलन का आयोजन



**गोरखपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में गोरखपुर मंडल द्वारा एक भव्य मण्डल एकत्रीकरण एवं पथ संचलन का आयोजन किया गया। यह संचलन गोरखपुर मंडी प्रांगण से प्रारंभ होकर किसान मोहल्ला और भलखोहा रोड होते हुए पुनः मंडी प्रांगण पर संपन्न हुआ।पथ संचलन के दौरान मार्ग में विभिन्न स्थानों पर मातृशक्ति ने पुष्पवर्षा कर स्वयंसेवकों का स्वागत किया। नगरवासियों ने उत्साहपूर्वक संचलन में भाग लिया और समापन कार्यक्रम तक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर के प्रतिष्ठित समाजसेवी विजय दुबे थे। मुख्य वक्ता के रूप में सह जिला कार्यवाह श्री पंकज चंदेल जी ने संबोधित किया। उन्होंने अपने उद्बोधन में संघ के शताब्दी वर्ष में पंच परिवर्तन की संकल्पना पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि स्वयंसेवकों एवं समाज के भीतर स्वा (स्वत्व) का भाव जाग्रत हो, समाज में समरसता बढ़े और नागरिक कर्तव्यों के प्रति सजगता उत्पन्न हो यही संघ का उद्देश्य है।इस अवसर पर खण्ड कार्यवाह गोल्डी सारीवान, जिला बालकार्य प्रमुख ललित यादव सहित मंडल के सभी स्वयंसेवक उपस्थित रहे। पूरे कार्यक्रम में अनुशासन, ऊर्जा और संगठन शक्ति का सुंदर परिचय देखने को मिला।

## टोबैको फ्री यूथ कैंपेन 3.0 प्रारंभ

**उमरिया।** नोडल अधिकारी डॉ संदीप सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत भारत में तम्बाकू का उपयोग अत्याधिक बीमारियों और मौतों का एक प्रमुख कारण बना हुआ है।परिणाम स्वरूप प्रति वर्ष 13.5 लाख मौतें हो रही है। इसी दृष्टि से प्रदेश में ग्लोबल एडल्ट टोबेको सर्वे 2019 के अनुसार भारत में 13 से 15 वर्ष की आयु के 8.5 प्रतिशत और मध्यप्रदेश में 3.9 प्रतिशत (4.4 प्रतिशत बालक एवं 3.5 प्रतिशत बालिका) विद्यार्थी तम्बाकू का उपयोग करते है, जो कैंसर, हृदय संबंधी बीमारियों, मधुमेह, दीर्घकालिक फेफड़ों की बीमारी, स्ट्रोक, बांझपन, अंधापन, तपेदिक और मुख संबधित स्वास्थ्य समस्याओं के लिए एक प्रमुख कारण हैं। जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ मुकुल तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 2025 में टोबेको फ्री यूथ केंपेन (टीएफवीसी) 3.0 का आयोजन 9 अक्टूबर 2025 से 60 दिवस तक किया जाएगा जिसके अन्तर्गत स्वास्थ्य विभाग द्वारा जागरूकता, क्षमता निर्माण, नशामुक्ति सेवाएँ का आयोजन किया जाएगा। इसी के तहत जिला चिकित्सालय उमरिया में कार्यक्रम आयोजित किया गया।उपस्थित प्रतिभागियों को शपथ दिलाकर नशा मुक्त रहने हेतु एवं अन्य लोगों को जागरूक करने हेतु चर्चाएं की गई।गतिविधि में नर्सिंग स्टाफ एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित हुए उक्त कार्यक्रम विकासखंड के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में भी किए जाने हेतु निर्देशित किया गया।

## बीएससी छात्रा की संदिग्ध मौत से उपजे कई सवाल

**हरिभूमि न्यूज बिजुरी।** जिले में बीएससी तृतीय वर्ष की छात्रा सुलक्ष्मी सिंह गहरवार (आयु 20 वर्ष) की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत ने पूरे क्षेत्र को स्तब्ध कर दिया है। मृतका मूलतः ग्राम कोठी, थाना बिजुरी, तहसील कोतमा, जिला अनूपपुर की रहने वाली थी। वह पिछले कुछ वर्षों से शंभूनाथ कॉलेज शहडोल में बीएससी की पढ़ाई कर रही थी और कॉलेज के पास स्थित बिजली ऑफिस के समीप उदित पाण्डेय के मकान में किराए पर रहकर अध्ययन करती थी। 4 अक्टूबर की है, जब मृतका के परिवार को गांव कोठी निवासी अंजनी सिंह और उनकी पत्नी लतारानी सिंह ने आकर सूचित किया कि आपकी बेटी सुलक्ष्मी सिंह ने आत्महत्या कर ली है। परिवार के सदस्यों ने जब मौके पर पहुंचकर जानकारी ली तो पता चला कि सुलक्ष्मी का शव जिला चिकित्सालय शहडोल में रखा गया है। वहां पहुंचकर उन्होंने जब शव देखा तो उन्हें प्रथम दृष्टया यह घटना आत्महत्या नहीं बल्कि किसी प्रकार की साजिशन हत्या प्रतीत हुई। परिजनों ने बताया कि सुलक्ष्मी के पीठ पर नाखून के गहरे निशान, पैरों में नीले दाग, और शरीर पर चोट जैसे चिन्ह साफ देखे जा सकते थे।

**कछारी माल में भ्रष्टाचार की नई इबारत**

### सरकारी फाइलों में दो बार चमका भवन, असलियत में धूल फांक रही पंचायत

# पुताई के नाम पर दो बार उड़ाई गई सरकारी रकम

शहपुरा




शहपुरा जनपद क्षेत्र की ग्राम पंचायत कछारी माल इन दिनों सरकारी लूटखसोट का ताजा नमूना बन चुकी है। यहां पंचायत भवन की पुताई के नाम पर एक नहीं, बल्कि दो बार सरकारी खजाने से करीब तीस हजार रुपए का आहरण कर लिया गया, जबकि हकीकत में पंचायत भवन की दीवारें सालों से बदरंग और गंदी हालत में खड़ी हैं। सरकार के पारदर्शी प्रशासन और भ्रष्टाचार मुक्त व्यवस्था के तमाम दावों की पोल इस एक पंचायत ने खोलकर रख दी है। यह मामला यह साबित करता है कि गांव-गांव में विकास के नाम पर कागज़ों में खेला जा रहा है लाखों का फर्जी खेल।

ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत सचिव और सरपंच 1 की मिलीभगत से 5 अप्रैल 2025 को पंचायत भवन की पुताई के नाम पर दो बार राशि निकाली गई, लेकिन आज तक भवन की हालत जस की तस है। दीवारों पर पुताई नहीं, बल्कि सरकारी भ्रष्टाचार की मोटी परतें साफ झलक रही हैं।

**फिर भी जिम्मेदार अधिकारी मौन हैं** — मानो फर्जी बिलों पर आंख मूंदना अब सरकारी परंपरा बन चुकी है।ग्रामीण बोले भवन की हालत देखकर शर्म आ जाए मौके पर तो भवन की हालत देखकर शासन के 'विकास मॉडल' पर सवाल खड़े हो गए?

**ना दीवारों पर रंग, ना सफाई** — बस टूटी दरारें और जर्जर दीवारें।ऐसा लगता है मानो फाइलों में पुताई हो गई, पर जमीनी सच्चाई किसी को दिखती ही नहीं।भ्रष्टाचार के ऐसे मामलों पर सरकार की चुप्पी अब सवालों के घेरे में है। जहां प्रदेश सरकार हर मंच से भ्रष्टाचार मुक्त शासन का दावा करती है, वहीं जमीनी स्तर पर कछारी माल जैसी पंचायतें इन दावों की सच्चाई सामने ला रही हैं। आखिर क्यों ऐसे सचिव और सरपंचों पर कार्रवाई नहीं होती?क्या ग्रामीणों की आवाज़ तब सुनी जाएगी जब हर विकास योजना भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाएगी?

ग्रामीणों ने प्रशासन और कलेक्टर डिंडोरी से तत्काल जांच और राशि की रिकवरी की मांग की है। साथ ही भ्रष्ट सरपंच-सचिव पर एफआईआर दर्ज कर कठोर कार्रवाई करने की मांग भी उठाई है।अब देखना यह है कि सरकार इस खुली लूट पर कब जागती है, या फिर "पुताई के नाम पर दो बार निकली राशि" की तरह यह मामला भी सरकारी फाइलों में दबकर रह जाएगा।

### इनका कहना है-

पिछले दो वर्षों से पंचायत भवन की पुताई तक नहीं हुई। जो भी बिल लगाए गए हैं, वो फर्जी हैं।अधिकारियों को सब पता है, फिर भी कोई कार्यवाही नहीं होती।
**देवीदीन सिंह (ग्रामीण)**
ग्राम पंचायत कछारी

आपके माध्यम से यह मेरे संज्ञान में आया है जांच करवाते हुए कार्रवाई की जाएगी।
**प्रमोद कुमार ओझा**
(मुख्य कार्यपालन अधिकारी)
जनपद पंचायत शहपुरा

## शहपुरा जल संसाधन विभाग में कबाड़ बना सरकारी ट्रक जिम्मेदारों की लापरवाही से वर्षों से खड़ा जंग खा रहा वाहन!



**शहपुरा** - जल संसाधन विभाग, शाहपुरा के प्रांगण में एक सरकारी ट्रक पिछले कई वर्षों से जंग खाकर कबाड़ बनने की कगार पर खड़ा है, लेकिन विभागीय जिम्मेदारों को इसकी कोई चिंता नहीं। लाखों रुपए का यह सरकारी संसाधन लापरवाही की भेंट चढ़ चुका है, फिर भी अधिकारी बन बैठे हैं अनजान ग्रामीणों और विभाग के कर्मचारियों के मुताबिक, यह ट्रक लंबे समय से यहीं खड़ा है, जिसकी हालत अब इतनी खराब हो चुकी है कि उसके पुर्जे तक गल चुके हैं। ट्रक पर धूल, जंग और खरपतवार की मोटी परत लापरवाही की कहानी खुद बयान कर रही है। जब हरिभूमि समाचार पत्र के संवाददाता ने इस मामले में जल संसाधन विभाग के एसडीओ से बात की, तो उन्होंने सफाई देते हुए कहा मैं हाल ही में विभाग में ट्रांसफर होकर आया हूं, इस संबंध में उच्च अधिकारियों से चर्चा कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।" लेकिन सवाल यह है कि इतने वर्षों तक यह ट्रक आखिर विभाग के आंगन में सड़ता कैसे रहा? न किसी ने मरम्मत कराई, न नीलामी की प्रक्रिया शुरू हुई — क्या यह सरकारी संपत्ति की खुलेआम बर्बादी नहीं? स्थानीय लोगों का कहना है कि विभाग की यह लापरवाही सरकारी संसाधनों के संरक्षण पर गंभीर सवाल उठाती है। अगर यही हाल रहा, तो सरकारी संपत्तियाँ इसी तरह कबाड़ बनती रहेंगी और जिम्मेदार अधिकारी "नई पोस्टिंग" का हवाला देकर पल्ला झाड़ते रहेंगे।

**डिंडौरी सहित 8 जिलों को मिला लाभ**

# प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना एवं दलहन आत्मनिर्भरता मिशन का शुभारंभ

डिंडौरी

प्रधानमंत्री धन -धान्य कृषि योजना और दलहन आत्मनिर्भरता मिशन का शुभारम्भ 11 अक्टूबर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश एवं प्रदेश के चयनित जिलों के लिए किया गया। जिसमें मध्यप्रदेश के डिंडौरी सहित 8 और जिले शामिल है। साथ ही कृषि अवसंरचना कोष, पशुपालन, मत्स्य पालन और खाद्य प्रसंस्करण की 2100 से अधिक अधिक परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया गया। पीएम कृषि धन धान्य योजना में मप्र के चयनित 8 जिले आलीराजपुर ,अनूपपुर, सीधी,शहडोल ,उमरिया ,डिंडोरी ,टीकमगढ़ एवं निवाड़ी हैं।पीएम धन धान्य कृषि योजना और दलहन आत्मनिर्भर मिशन का 11 अक्टूबर 2025 को राष्ट्रीय कृषि विज्ञान परिसर पूसा नई दिल्ली से लाइव प्रसारण जिला स्तर पर कलेक्टर के ऑडिटोरियम हॉल एवं बस स्टैंड परिसर एवं विकासखंड स्तर पर भी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शहपुरा विधायक श्री ओमप्रकाश धुर्वे के आतिथ्य में सरस्वती मां की छायात्रित पर फूलमाला अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। साथ में कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया, सीईओ जिला पंचायत दिव्यांशु चौधरी सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। विधायक ओमप्रकाश धुर्वे ने अपने उदबोधन में भारत माता की जय के साथ सशक्त किसान ही समृद्ध राष्ट्र के विषय पर चर्चा की वहीं स्वदेशी उत्पादों को अपनाने पर जोर दिया। साथ ही सिंचाई क्षेत्र , कृषि आधारित उद्योगों को बढ़ाने पर जोर दिया। कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. गीता सिंह ने इस कार्यक्रम की उपयोगिता एवं रूपरेखा अतिथियों से सांझा की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुये किसानो से नरवाई/ फसल अवशेष



प्रबंधन कर मृदा सुपोषण की अपील की उन्होंने किसानो भाइयो से अपील की सभी किसान फसल अवशेष को सुपरसीडर/ रोटावेटर से मिट्टी में मिलाकर मृदा सुपोषण करे। कलेक्टर श्रीमति अंजू पवन भदौरिया ने अपने उदबोधन में कहा कि भारत देश में कम उत्पादकता, कम फसल तीव्रता, कम ऋण वितरण के आधार पर पूरे देश 100 जिलों का चयन किया गया है जिसमें अपना जिला डिंडौरी भी शामिल है। शासन की योजना सोयाबीन बोने वाले किसानो से पंजीयन कराकर भावांतर योजना के लाभ लेने की अपील की गई साथ ही रानी दुर्गावती श्री अन्न प्रोत्साहन योजना अंतर्गत ज़िले के कोदो कुटकी बोने वाले किसान भाइयों से पंजीयन कराने की अपील की। और जैविक खेती अपनाने पर जोर दिया। हम शासन की हितग्राहीमूलक योजना, कृषि के क्षेत्र में बेहतर से बेहतर कार्य करके योजनाओं को जमीनी स्तर पर ले जाकर अंतिम छोर के व्यक्ति को लाभ पहुंचाने का प्रयास करेंगे। जिससे जिले में किसानों के साथ साथ आम जनता को भी सिंचाई, अच्छी गुणत्ता का बीज, सिंचाई, कृषि के उपकरण उपलब्ध कराकर किसानों को अधिक उत्पादन होने से आय में वृद्धि होगी। इसी क्रम कृषि विज्ञान केंद्र डिंडौरी से श्रीमति रेणु पाठक द्वारा कृषि एवं संबद्ध गतिविधियों हेतु अपने अनुभव साझा किए जिससे जिले के कृषकों को लाभ मिल सके। कार्यक्रम में जिले के समस्त जिला अधिकारी अपने मैदानी अमला सहित किसान उपस्थित रहे। जिले के विभिन्न विभाग के अधिकारी, कर्मचारी और कृषकों सहित लगभग 928 किसान कार्यक्रम में शामिल हुए। जिले के विकासखंड, तहसील से कृषकों ने ऑनलाइन के माध्यम से भाग लिया। ज़िले के सभी ब्लॉक में कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। जिसमें महत्वपूर्ण भूमिका टूवे कम्यूनिकेशन लाइव प्रसारण की व्यवस्था सफलतापूर्वक प्रशांत कौशिक जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, दीपक साहू ई-गवर्नेंस प्रबंधक की रही। कार्यक्रम के दौरान सीईओ जिला पंचायत दिव्यांशु चौधरी, अपर कलेक्टर जेपी यादव, एसडीएम डिंडौरी सुश्री भारती मेरावी, कृषि उपसंचालक सुश्री अभिलाषा चौरसिया, आत्मा प्रबंधक सुश्री नेहा धूरिया सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# ओमकार मरकाम का अमरपुर में भव्य स्वागत

अमरपुर।



अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा ओमकार मरकाम को डिंडौरी जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नियुक्त होने के पश्चात अमरपुर ब्लॉक में प्रथम आगमन पर अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी महेंद्र ठाकुर द्वारा ब्लॉक के सभी कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं के साथ गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। सर्वप्रथम महात्मा गांधी के तैलीय चित्र पर माल्यार्पण कर राष्ट्रगीत उपरांत बैठक प्रारंभ किया गया। बैठक की परंपरा में परिवर्तन करते हुए जिला अध्यक्ष ने कमेटी को सुझाव दिए कि ये नेताओं के स्वागत हमेशा कार्यकर्ता ही करते हैं। परंतु अब बदलाव करते हुए उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं का तिलक लगाकर स्वागत किया। इसके बाद राष्ट्रीय स्तर पर चल रहे वोट चोर गद्दी छोड़ के नारे भी लगाए गए। वहीं ओमकार मरकाम ने ब्लॉक अध्यक्ष को मंडलम, सेक्टर एवं पोलिंग बूथ कमेटी के फॉर्म सौंपते हुए शीघ्र कमेटी के गठन करने निर्देश दिए। साथ ही वोट चोर गद्दी छोड़ के हस्ताक्षर अभियान का भी शुभारंभ कराया गया। इसके साथ ही संगठनात्मक चर्चा की गई। जहां उपस्थित कार्यकर्ताओं ने अपने सुझाव भी दिए और दिए गए निर्देशों का पालन करने का संकल्प भी लिए गए। इसी बीच भानपुर से पहुंचे एडवोकेट झलकन यादव ने जिलाध्यक्ष से कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर कहा कि उन्हें कांग्रेस पार्टी द्वारा जो भी जिम्मेदारी दी जाएगी पूरी निष्ठा से निर्वहन करेंगे। बैठक में महिलाएं भी सक्रिय नजर आई। इस महत्वपूर्ण बैठक में अशोक पड़वार पूर्व जिलाध्यक्ष, तोक सिंह मरावी ब्लॉक प्रभारी, शकील अहमद उपाध्यक्ष, शाहिद तुर्क संगठन मंत्री, संदीप शाह परस्ते, अरविंद साण्डया, खालिद खान, गणेश पुषाम, राम प्रसाद धुर्वे मंडलम अध्यक्ष, प्रतिमा साण्डया ब्लॉक अध्यक्ष महिला कांग्रेस, मल्ली बाई उईके पूर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष, देव सिंह भारती विधानसभा अध्यक्ष शहपुरा कांग्रेस सोशल मीडिया विभाग, सफीक खान युवा कांग्रेस जिला महासचिव, केवल कृष्ण नेटी अध्यक्ष आदिवासी कांग्रेस, सत्यम राय एनएसयूआई ब्लॉक अध्यक्ष, फूल सिंह मरकाम जिलाध्यक्ष सरपंच संघ, राजेश पाटले जिला उपाध्यक्ष आदिवासी कांग्रेस, लियाकत अली, मकसूद मंसूरी, शान मंसूरी, भगवत पट्टा, हरे सिंह पट्टा, गिरीश सिंह सैयाम महामंत्री, राम सिंह मरावी महामंत्री, ओम प्रकाश उद्दे सेक्टर अध्यक्ष, इंद्र सिंह परस्ते, मत्ते सिंह पट्टा, जगत सिंह सैयाम, हेमेंद्र कुशराम, सुरेश मरकाम, चमरूसिंह चड़चड़िया, ईश्वर प्रसाद यादव, केशव प्रसाद बघेल, गजेंद्र शाह धूमकेती, ओम प्रकाश धूमकेती, करम सिंह धुर्वे, रमेश सिंह कुशराम, करम सिंह पट्टा, रामदीन नेट्टी आदि पदाधिकारी एवं कार्यकर्तागण भारी संख्या में मौजूद रहे।

## प्रोगेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन द्वारा किया गया नवागत कलेक्टर का सम्मान



**डिंडौरी।** प्रोगेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन जिला शाखा के शिष्टमंडल द्वारा ज़िले की नवागत कलेक्टर माननीया श्रीमति अंजू पवन भदौरिया से मुलाकात कर संगठन के जिलाध्यक्ष राम गोपाल तिवारी द्वारा गुलदस्ता तथा महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष श्रीमति कुंवरिया मरावी द्वारा शाल ओढ़ाकर सम्मान किया गया तथा जिले की कमान संभालने के लिए मिष्ठान भेंटकर शुभकामनाएं संप्रेषित किया।

शिष्ट मंडल में संगठन के वरिष्ठ सलाहकार प्रीतम प्रसाद शुक्ला, कार्य कारी जिलाध्यक्ष विनोद अवधिया, महामंत्री राम मूरत सिंह ठाकुर जिला कोषाध्यक्ष राज नारायण दीक्षित, जिला उपाध्यक्ष श्याम लाल साहू श्रीमती भागवती मरकाम, महिला प्रकोष्ठ जिला महामंत्री श्री मति संतोष उयके,तहसील कार्य कारी अध्यक्ष प्रकाश चन्द्र चौरसिया, सचिव प्रेम लाल झारिया, ब्लाक अध्यक्ष राजेंद्र ठाकुर के साथ ही संगठन के पदाधिकारी राम चरण सेन तथा गिरिवर धारी चौरसिया की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

## लगातार दूसरे वर्ष भी जिला स्तरीय महिला कबड्डी प्रतियोगिता में अमरपुर महाविद्यालय ने जीता खिताब



**चार छात्राओं का संभाग स्तर पर चयन**

**अमरपुर।** मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के खेल कॅलेंडर के अनुसार 10 अक्टूबर को प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस डिंडौरी में जिला स्तरीय महिला कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें शासकीय महाविद्यालय अमरपुर के प्राचार्य संदीप सिंह के निर्देशन एवं क्रीड़ा अधिकारी डॉ. पुष्पेन्द्र तिवारी के मार्गदर्शन में महाविद्यालय की टीम ने प्रतियोगिता मे भाग लिया। खिताबी मुकाबला अमरपुर महाविद्यालय की महिला टीम ने डिंडौरी महाविद्यालय की महिला टीम को 48/ 28 से हरा कर अपने नाम किया। अमरपुर महाविद्यालय की छात्रा ज्योति परस्ते, हेमलता उद्दे, प्रेमसखी मरावी एवं हंसी धुर्वे का चयन संभाग स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ। जिसका आयोजन डिंडौरी महाविद्यालय में होने वाला हैं। शासकीय महाविद्यालय के प्राचार्य संदीप सिंह, डॉ. सौरभ सामंत, डॉ. अनिल कुसराम, जयदीप दुबे, प्रदीप कहार, ओंकार वाटिया ने छात्राओं को उनके बेहतरीन खेल प्रदर्शन पर शुभकामना एवं बधाईयां प्रेषित की गई।

## कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने ली जनजातीय कार्य विभाग के छात्रावास अधीक्षकों की बैठक



डिंडौरी ।

कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया के निर्देशन में कलेक्ट्रेट ऑडिटोरियम में जनजातीय कार्य विभाग में पदस्थ समस्त छात्रावास अधीक्षकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने सबसे पहले सभी अधीक्षकों से परिचय प्राप्त किया और छात्रावासों की व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप छात्र-छात्राओं को निर्धारित मीनू के अनुसार पौष्टिक एवं गुणवत्तायुक्त भोजन उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने भवनों की मरम्मत कार्य, साफ-सफाई, नियमित स्वास्थ्य परीक्षण, सीसी कैमरा की स्थापना, शुद्ध पेयजल की उपलब्धता, खिड़की-दरवाजों में जाली व परदे लगाने जैसी व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि छात्रावासों के नियमित निरीक्षण के लिए विभागीय अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है, जिससे अधीक्षकों को आवश्यक सुविधाएं जुटाने में सहायता मिलेगी। किसी भी प्रकार की कमी पाए जाने पर जनजातीय कार्य विभाग के सहायक आयुक्त के माध्यम से उसका तत्काल निराकरण किया जाएगा।

कलेक्टर ने कहा कि प्रत्येक छात्रावास में अभिभावक समिति की बैठक कर सर्वसम्मति से आवश्यक कार्यों को स्थानीय स्तर पर पूर्ण कराया जाए तथा उसकी सूचना विभाग को भेजी जाए। उन्होंने सभी अधीक्षकों से आग्रह किया कि अपने कार्य के साथ-साथ गांव के युवा-युवतियों को स्व-रोजगार से जोड़ने का भी प्रयास करें। इसके लिए संत रविदास योजना, भीमराव अंबेडकर योजना, भगवान बिरसा मुंडा योजना, टंट्या मामा स्वरोजगार योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों के आवेदन तैयार कर जनजातीय कार्य विभाग को भेजे जाएं। इन योजनाओं के अंतर्गत आटा चक्की, सिलाई मशीन, दोना-पत्तल निर्माण, मनिहारी दुकान जैसे रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जा सकते हैं बैठक के अंत में कलेक्टर श्रीमती भदौरिया ने सभी अधीक्षकों को अपना मोबाइल नंबर साझा करते हुए कहा कि किसी भी स्थानीय समस्या या विशेष कार्य के लिए वे सीधे संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी अधीक्षक अपने छात्रावासों की व्यवस्था, स्वच्छता और विद्यार्थियों की पढ़ाई पर विशेष ध्यान दें। निरीक्षण के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही पाई जाने पर संबंधित के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी। अंत में कलेक्टर ने सभी अधीक्षकों को दीपावली की अग्रिम शुभकामनाएं दीं बैठक में सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग राजेन्द्र कुमार जाटव, विकासखंड शिक्षा अधिकारी, क्षेत्र संयोजक सुश्री श्वेता अग्रवाल, राजेश मरकाम, मोहन महोबिया, स्वप्निल अवस्थी सहित विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सुहागिनों ने पति की लंबी उम्र के लिए रखा करवा चौथ का व्रत



**शहपुरा** – जिलेभर में शुक्रवार को करवा चौथ का पर्व बड़ी श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। सुहागिन महिलाओं ने अपने पति की दीर्घायु के लिए निर्जला व्रत रखते हुए माता करवा और भगवान शिव–पार्वती की विधिवत पूजा-अर्चना की। दिनभर निर्जला व्रत रखने के बाद महिलाओं ने शाम को पारंपरिक रीति से पूजा कर चंद्रमा को अर्घ्य अर्पित किया और पति के हाथों से जल ग्रहण कर व्रत तोड़ा। हालांकि इस बार चांद ने जैसे सुहागिनों की परीक्षा ले ली देर रात तक आसमान में बादलों की आंख-मिचौनी के चलते महिलाएं बेसब्री से चांद का इंतजार करती रहीं। लेकिन जैसे ही चांद ने दर्शन दिए, माहौल आस्था और उल्लास से भर गया। महिलाओं ने छलनी से चांद और फिर अपने पति का मुख देखकर करवा चौथ का व्रत पूर्ण किया। शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों तक बाजारों में साज-सज्जा, मेंहदी, ब्यूटी पार्लर और पूजन सामग्री की दुकानों पर दिनभर रौनक रही। सुहाग का प्रतीक लाल और पीले परिधान, हाथों में मेंहदी और माथे पर सिंदूर सजाए महिलाओं ने शाम को समूहों में पूजा की, महिलाओं ने पारंपरिक रीति से करवा चौथ का पर्व मनाया। इस अवसर पर मंदिरों और घरों में विशेष साज-सज्जा की गई। कई स्थानों पर सामूहिक पूजा का आयोजन भी हुआ, जहां महिलाओं ने एक साथ बैठकर कथा सुनी और पूजा की।चांद के दर्शन होते ही महिलाएं अपने पति के साथ फोटो क्लिक करवाते और मिठाई खिलाते नजर आईं।

# भोपाल से प्रशिक्षु अधिकारियों का डिंडौरी जिले का अध्ययन दौरा

**डिंडौरी ।** विभिन्न विभागों के प्रशिक्षु अधिकारियों दिनांक 06 से 12 अक्टूबर 2025 तक अध्ययन भ्रमण के तहत डिंडौरी जिले का दौरा किया। इस अवसर पर उन्होंने जिला दण्डाधिकारी डिंडौरी से सौजन्य भेंट की और जिले की प्रशासनिक व्यवस्था, विकास योजनाओं एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की जानकारी प्राप्त किए।

प्रशिक्षु अधिकारियों ने ग्राम भ्रमण के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला स्व-सहायता समूह की गतिविधियों, सिंचाई व्यवस्था, महिलाओं की सामाजिक-आर्थिक स्थिति और स्थानीय संस्कृति का गहन अध्ययन किया। उन्होंने ग्रामीणों से संवाद कर उनके अनुभवों और समस्याओं को जाना तथा सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति का मूल्यांकन भी किया। शनिवार को कलेक्टर सभाकक्ष में कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने भोपाल से आए प्रशिक्षु आधिकारी से डिंडौरी के भ्रमण के बाद पुलिस, आबकारी, महिला एवं बाल विकास तथा शिक्षा विभाग के प्रशिक्षु अधिकारी शामिल रहे। अधिकारियों ने कहा कि यह अध्ययन भ्रमण उनके लिए एक प्रेरणादायी अनुभव रहा, जिससे उन्हें ग्रामीण जीवन, प्रशासनिक चुनौतियों और विकास कार्यों की वास्तविक स्थिति को समझने का अवसर मिला। सभी अधिकारियों ने कलेक्टर के समक्ष अपने जिले के ग्रामीण अंचलों के अलग अलग ग्रामों की स्थानों पर स्वास्थ्य, शिक्षा, स्वरोजगार, पलायन पर अनुभव शेयर किए। जिस पर कलेक्टर ने कहा कि डिंडौरी जिला एक आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है जहां पर अन्य जिलों की तुलना में कुछ चीजों में पीछे है। जिसे आगे लाने हेतु म.प्र. शासन की योजनाओं की माध्यम से बेहतर से बेहतर करने का प्रयास कर रहा है। साथ ही साथ कलेक्टर ने कहा आपको इसके बाद प्रशासनिक एकेडमी में प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद आप मे और निखार आएगा । आपकी जिस विभाग में भी पोस्टिंग होगी उसमें सकारात्मक सोच के साथ कार्य करें मैं आपके उज्जवल भविष्य की कामना करती हूँ।चर्चा के दौरान अपर कलेक्टर श्री जेपी यादव सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।



**नाम सुधार सूचना**

मैं सल्लो बनवासी (SALLO BANWASI) पति शिव कुमार बनवासी (SHIV KUMAR BANWASI) आयु 47 वर्ष जाति कोल निवासी ग्राम सुहगी थाना व तहसील - शहपुरा, जिला डिण्डौरी (म.प्र.) शपथ पूर्वक कथन करती हूँ कि में उपरोक्त पते की निवासी हूँ एवं मेरा आधार नं. 6267 7382 2624 है । मेरा नाम सल्लो बनवासी (SALLO BANWASI) है जो कि मेरे राजस्व अभिलेखों में अंकित है, किन्तु मेरे आधार कार्ड में नाम सरला (SARLA) त्रुटिवश लिख दिया गया है जिससे मुझे अत्यन्त परेशानिया हो रही है । अतः मेरे आधार कार्ड कं. 6267 7382 2624 में दर्ज नाम परिवर्तित कर सल्लो बनवासी (SALLO BANWASI) दर्ज किया जावे इस वास्ते शपथ पत्र प्रस्तुत है।

## खबर संक्षेप

### अल्प प्रवास पर रुके अरुण यादव



**तेंदूखेड़ा।** शनिवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं प्रदेश अध्यक्ष अरुण यादव अल्प समय के लिए तेंदूखेड़ा में रुके जहां उनका कल्चुरी समाज के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष किशोर राय के द्वारा शाल श्रीफल पुष्पाहारों से स्वागत सम्मान किया गया इस मौके पर मप्र कांग्रेस कमेटी के प्रदेश सचिव मनीष राय पूर्व विधायक देवेंद्र पटेल प्रदेश प्रवक्ता रवि सक्सेना विकास शर्मा प्रदीप पलिया जिनेश जैन राजेश राय सुदीप राय सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।इस मौके पर पत्रकारों से चर्चा करते हुए श्री यादव ने स्पष्ट किया कि प्रदेश में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। छिंदवाड़ा में नवजात शिशुओं की मौत होना बहुत ही दुखद घटना है। माफियाओं का राज का यह जीता जागता उदाहरण है। मप्र माफिया राज का गढ़ बन चुका है और आये दिन एक से बढ़कर एक कारनामें निकल कर सामने आ रहे हैं। जिसमें सरकार का असली चेहरा भी उजागर होता चला जा रहा है।

## समीति की उदासीनता दंश झेल रहे छात्र

# दुर्दशा का शिकार हुआ मुक्तानंद संस्कृत विद्यालय

### जर्जर भवन में पढ़ने को मजबूर छात्र

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। नगर में स्थापित प्राचीन मुक्तानंद संस्कृत पाठशाला जिसका निर्माण सन 1968 में पूर्व शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती जी महराज के नाम पर ब्राह्मणों के बच्चों को संस्कृत के अध्ययन के साथ साथ वेद, पुराण, के अध्ययन कराने के लिए प्रारंभ किया गया था जिसमें अध्ययन कर प्रकांड विद्वान जो आज द्वारका शारदा पीठाधीश्वर के शंकराचार्य है अनेकों ने शिक्षा ग्रहण कर जिले का नाम प्रदेश के साथ देश विदेश में ख्याति प्राप्त की उसी प्राचीन पाठशाला की समय के साथ स्थिति जीर्ण शीर्ण होकर दुर्दशा के आंसू बहा रहा है और मजबूर छात्र भय के माहौल मे धर्म की शिक्षा का अध्ययन करने के लिए मजबूर बने हुए है।**



### समीति ने दिखाई उदासीनता

मुक्तानंद संस्कृत विद्यालय के संचालन के लिए गठित समिति की उदासीनता के कारण विद्यालय जीर्ण शीर्ण हो गया। समीतिद्वारा कोई मरम्मत कार्य नहीं करवाए जाने के कारण शिक्षा ग्रहण कर रहे बटुकों के लिए खतरे को देखते हुए नगर के प्रबुद्ध जनों ने समिति से जीर्णोद्धार के लिए ध्यानाकर्षण कराया इससे बात नहीं बनी तब सभी ने बैठक कर समिति अध्यक्ष से जब भी उक्त संबंध में बात करनी चाही बैठक में बुलाया कुछ ना कुछ बहाना कर किनारा काट लिया गया विगत पखवाड़ा में सभी लोग मिलकर अध्यक्ष के घर पहुंचे जिस पर अध्यक्ष द्वारा सहमति जताते हुए सभी का मनोबल बढ़ाते हुए बात कही गई लेकिन 3 से 4 बैठकें हो जाने लगातार समिति से संपर्क के बाबजूद विगत 3 माह में कोई निष्कर्ष नहीं निकला।

### जिले के लिए विरासत है विद्यालय

मुक्तानंद संस्कृत विद्यालय समिति के अध्यक्ष सुमित रंजन झिरा इस शहर ही नहीं अपितु जिले के समृद्ध शाली लोगों में गिने जाते हैं इनके पास पूर्वजों की अरबों खरबों की चल अचल संपति के मालिक हैं बहुत ही धनाढ्य परिवार के साथ संभ्रांत परिवार से है पूर्वजों से सम्मानित परिवार के सदस्य जो सदैव धर्म निष्ठा से जुड़े रहने के कारण कृष्ण मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष तथा विद्यालय के अध्यक्ष की जिम्मेदारी मजबूत हाथों में सौंपी गई थी। जो जिले की विरासत है। लेकिन समय की बलिहारी कहे या कलयुग का असर सब कुछ होते हुए दोनो स्थान कृष्ण मंदिर एवं विद्यालय की स्थिति बद से बदतर हो जाने लोगों द्वारा बोले जाने के बावजूद अध्यक्ष का इस ओर कोई रुचि नहीं ली जा रही है जिस पर भी लोगों का कहना है कि सिर्फ जीर्णोद्धार के लिए हमे मौका दिया जाए। हम सामाजिक सहयोग से राशि एकत्र कर यह कार्य करवा देते हैं लेकिन किसी भी रूप में ना कार्य करवाने की चेष्टा कर रहे हैं और ना सहमति दी जा रही है इससे कही ना कहीं मनोविकार की स्थिति बन रही है समिति के सदस्यों की क्या मंशा है इसका खुलासा भी नहीं किया जा रहा और ना ही कार्य की अनुमति दी जा रही जिससे लोग अलग अलग कयास लगाने लगे हैं इससे झिरा परिवार की जो प्राचीन प्रतिष्ठा संपन्नता है उस पर सवाल उठ रहे हैं क्योंकि इनके वर्चव्य के सामने यह कार्य एक चींटी की भांति है।

### उदासीनता पर उठ रहे सवाल

विद्यालय की हालत बिगड़ने से विद्या अध्ययन करने वाले बच्चों को संख्या कम होती जा रही है निर्माण कार्य ना करवाने में समिति की मजबूरी है या कुछ और योजना बना कर बैठे है। जबकि विद्यालय समिति में नगर ही नहीं जिले के जाने माने चेहरे है जिसमें अध्यक्ष सुमित रंजन झिरा, अमित कुमार भारद्वाज उपाध्यक्ष, सचिव राजकिशोर नेमा, सदस्य शुभकरण शर्मा सुरेश कुमार दीक्षित,कमल कुमार कृषक, आलोक तिवारी, दिलीप भाई मानसाता, भगवानदास शास्त्री, मुकेश पचैरी है। इनमें से कुछ का स्वर्गवास हो चुका है जो लोग मौजूद हैं वह सभी प्रकार से सक्षम होने के बावजूद विद्या के मंदिर जो उनके हाथ में होने के बावजूद ध्यान नहीं दिया जाना कई सवाल उठा रहा है इससे इनकी छवि पर प्रश्नचिन्ह लगा रहा है।

## फौजी की पत्नि ने वीडियों कॉल कर तोड़ा करवा चौथ का व्रत





**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** विगत दिवस पूरे जिले मे करवा चौथ की धूम रही। पति की लंबी उम्र और दांपत्य जीवन की सुख-समृद्धि के लिए मनाया जाने वाला आस्था का पर्व करवा चौथ जिले भर में भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। सुहागिन महिलाओं ने दिन भर निर्जला व्रत रखा और रात को चंद्रमा के दर्शन के बाद विधि-विधान से पूजा कर अपना व्रत पूरा किया। शाम होते ही, शहर से लेकर ग्रामीण अंचल तक महिलाओं ने श्रृंगार किया और पारंपरिक वेशभूषा में पूजा की तैयारी शुरू कर दी। महिलाओं ने एक साथ एकत्रित होकर करवाचैथ की कथा सुनी, जिसके बाद उन्हें बेसब्री से चांद के निकलने का इंतजार था। देर रात जैसे ही चंद्रमा ने दर्शन दिए, महिलाओं ने अपनी-अपनी छतों और आंगन में एकत्रित होकर विधिवत पूजा-अर्चना की। उन्होंने चंद्रमा को अर्घ्य दिया, जिसके बाद छलनी से पहले चांद को और फिर अपने पति के चेहरे को देखा। इसके बाद पति ने पत्नी को जल पिलाकर और मिठाई खिलाकर व्रत खुलवाया। यह पर्व पति-पत्नी के अटूट बंधन और प्रेम का प्रतीक है। मिली जानकारी के अनुसार नीतू शुक्ला द्वारा वीडियो कॉल के माध्यम से अपने फौजी पति जितेन्द्र शुक्ला के दर्शन कर व्रत को पूर्ण किया। बताया गया कि श्री शुक्ला भारतीय सेना में हवलदार के पद पर कार्यरत है। वही साधारण परिवार की महिलाओं द्वारा चांद के बाद अपने पति का दीदार कर व्रत को पूर्ण किया।

## संगठन मंत्री दबे ने किया अटल टिंकरिंग लैब का अवलोकन



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस सरस्वती शिशु उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में विगत दिवस विद्या भारती महाकोशल प्रांत संगठन मंत्री अमित दवे तथा प्रांत प्रकल्प प्रमुख व जबलपुर संभाग प्रभारी इंदल पटैल का विद्यालय में प्रवास हुआ। संगठन मंत्री दवे ने अटल टिंकरिंग लैब का अवलोकन किया तथा आचार्यो का मार्गदर्शन करते हुए नवाचार पर बल देने तकनीकी ज्ञान को शिक्षा व्यवस्था में शामिल करने तथा सरस्वती शिक्षा परिषद के द्वारा संचालित किये जाने वाले आगामी कार्यक्रमों की व्यापक जानकारी दी। प्रांत प्रकल्प प्रमुख माननीय पटैल ने जिले के नगरीय एवं ग्रामीण विद्यालय के सप्त शक्ति संगम के पदाधिकारियों की बैठक के माध्यम प्राचार्य, प्रधानाचार्य एवं मातृशक्ति को मार्गदर्शन प्रदान किया। संस्था प्राचार्य आनंद मोहन कुर्मी प्रभारी प्रधानाचार्य तुलसीराम पाराशर ने मार्गदर्शित निर्धारित बिन्दुओं को शामिल करने के लिए आचार्य परिवार को निर्देशित किया।

## सांदीपनि विद्यालय में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस स्थानीय संदीपनी विद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम कलेक्टर के निर्देशन एवं सी.एम. एच.ओ डॉ मनीष मिश्रा के मार्गदर्शन में किया गया। जिला हॉस्पिटल से जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. सुनील पटेल, शहरी पी.एच.सी.इंचार्ज डॉ प्रदीप मेहरा, शहरी आय बी आर .ए .बी. एस के मेडिकल मोबाइल टीम प्रभारी डॉ अमित सोनी व श्रीमती डॉ गौरीष सोनी, जिला कम्युनिटी मोबिलाइजर के मुकेश रघुवंशी ने बालिका दिवस के विभिन्न पहलुओं एवं स्वास्थ्य से संबंधी ज्ञानवर्धक बिन्दुओं पर छात्राओं से चर्चा की। साथ ही स्टाफ नर्स कल्पना बागरी, रश्मि मुड़िया, पुष्पा रैकवार और आशा कार्यकर्ता निधि साहू का कार्यक्रम में सहयोग रहा। विद्यालय की शिक्षिका विनीता सराठे. ने अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस पर कविता पाठ किया। कुशल मंच संचालन मनोज वैष्णव एवं आभार प्रदर्शन दिव्यश्री साहू ने किया।



## नशा मुक्ति की दिलाई शपथ

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस शासकीय कृषि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरहटा में ब्रह्माकुमारी मेडिकल विंग गोटेगांव के तत्वाधान में नशा मुक्ति कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने की सलाह दी गई। तत्पश्चात विद्यालय के समस्त विद्यार्थियों एवं स्टाफ सदस्यों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त शिक्षकों की उपस्थिति रही।

## विद्युत वितरण कम्पनी पूर्व क्षेत्र गोटेगांव के द्वारा मानसून सत्र के समापन पर गोटेगांव नगर में मेंटेनेंस का कार्य पूर्ण हुआ

**गोटेगांव।** शहर वितरण केंद्र के अंतर्गत खुश्बुनगर,वेल्हाई, मफिदार कालोनी H.D.F.C बैंक के सामने मुख्य सड़क पर जर्ज हुई L.T केविल जिससे उपभोक्ताओं को विद्युत सप्लाई में समस्या होती थी जिससे आए दिन उपभोक्ताओं के द्वारा शिकायत की जाती थी जिसे संज्ञान लेते हुए विद्युत विभाग अधिकारियों के द्वारा त्वरित कार्यवाही की जाँच कर निराकरण जर्जर केबीलों को बदला गया उक्त स्थानों पर लगभग 2 की .मी की केविल जो बारिश के दौरान जर्जर अवस्था में हो गयी थी जिससे आए दिन विद्युत अवरोध होता था उसको तुरंत बदला गया जिससे विद्युत आपूर्ति सुचारू रूप से चालू की गई इस कार्यवाही से सम्बंधित उपभोक्ताओं ने बिजली विभाग के प्रति ख़ुशी जाहिर की गई । 1.अतुल उपाध्यक्ष के अनुसार मैं खुशबु नगर निवासी हु इस बारिस एवं उमस के मौसम में आए दिन हमारे यहाँ बिजली की समस्या बनी रहती जिससे इस उमस और संक्रमण से मच्छरों से परेशानी होती थी जिसकी शिकायत बिजली विभाग से की उसमे तुरंत कार्यवाही करते हुए समस्या का समाधान किया गया। . कैलाश पटेल हमारे यह बारिश के मौसम के बाद पूर्व में विद्युत विभाग के द्वारा जो केविल खिंची है थी जिससे आए दिन विद्युतअवरोध हो रहा था जिससे हमारे यहाँ पर परेशानी रहती थी विद्युत विभाग से शिकायत की गई अधिकारियों के द्वारा तुरन्त कार्यवाही कर समस्या का समाधान किया हम सभी निवासी आभारी है । अभिषेक श्रीवास्तव ऐसे मौसम में जब उमस और संक्रमण रोगों का सीजन है उसी समय आए दिन मौहल्ले में खिची हुई केविलो से आग निकलना धुआं निकलना कट हो जना जिससे बहुत परेशानी होती थी जिसकी शिकायत विद्युत विभाग से की गयी उन्होंने जाँच कर पुरानी केविल बदल कर विद्युत प्रदाय सुचारु रूप से किया इस के लिए हम सभी खुश हैं ।



## अवनि ने जीता कास्य पदक



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** विगत दिवस जगदलपुर छत्तीसगढ़ में आयोजित राज्य स्तरीय डिस्कस थ्रो प्रतियोगिता मे कांस्य पदक हासिल कर जिले के गौरव को बढ़ाया। ज्ञात हो कि अवनि राजपूत जिले के ग्राम सिंहपुर निवासी कैलाश सिंह राजपूत की पौत्री और रत्नाकर सिंह राजपूत की पुत्री है। उक्त प्रतियोगिता डीएवी स्कूल छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में शामिल होकर कांस्य पदक जीता है। यह पदक उनको डिस्कस थ्रो में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए मिला है। एक छोटे से गाँव से निकलकर राज्य स्तर तक अपनी उपस्थिति दर्ज कराना और पदक जीतना अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है। अवनि बचपन से ही शिक्षा और खेलकूद में शिखर पर रहती हैं। राजपूत परिवार में शिक्षा, संस्कार और खेलकूद के प्रति समर्पित प्रयास एवं उपलब्धियाँ सदा सराहनीय रहीं हैं। इस उपलब्धि पर शुभचिंतकों द्वारा शुभकामनाएं प्रेषित की गई है।

## पत्रकारों ने किया प्रभारी मंत्री की पत्रकार वार्ता का वहिष्कार



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** शनिवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभा कक्ष में आयोजित प्रभारी मंत्री गोविंद सिंह राजपूत की पत्रकार वार्ता का पत्रकारों ने बहिष्कार कर दिया। उक्त संबंध पत्रकारों द्वारा बताया गया कि प्रभारी गोविंद सिंह राजपूत द्वारा भावांतर योजना को लेकर पत्रकार वार्ता का आयोजित की गई थी। पत्रकार वार्ता के लिए पहले साढ़े चार बजे का समय दिया गया उसके बाद पुनः संशोधन कर साढ़े पांच बजे कर दिया जनसंपर्क अधिकारी की सूचना पर पत्रकार निर्धारित समय में पहुंच गए लेकिन पत्रकार वार्ता 6 बजे तक प्रारंभ नही की गई। जिसे लेकर पत्रकारों में रोष व्याप्त हो गया और पत्रकारवार्ता का बहिष्कार कर दिया गया।

## पूर्व केंद्रीय मंत्री व कांग्रेस नेता अरुण यादव पहुंचे गोटेगांव



**गोटेगांव।** नगर विगत दिवस कांग्रेस के पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं वरिष्ठ नेता अरुण यादव का आगमन चौधरी विभास जैन के निवास पर हुआ। जहां अरुण यादव ने गोटेगांव क्षेत्र कि कांग्रेस पदाधिकारी पूर्व जिला सदस्य पार्वती सिलावट,देवी महंत मयंक छिरा अमित तिवारी आकाश पटेल, दीपक नेमा बबलू राजपूत आरती पटेल आशीष तिवारी सहित अन्य कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। इसके उपरांत अरुण यादव कैबिनेट मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल एवं पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल के निवास पहुंचे जहां पर उन्होंने स्वर्गीय यशोदा बाई पटेल के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की इस दौरान उनके साथ में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एनपी प्रजापति,विधायक रजनी सिंह पूर्व विधायक संजय शर्मा नीर प्रजापति विभास जैन मैथिलीशरण तिवारी सहित वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## गोटेगांव में 11वीं जूनियर राज्य कुराश चैंपियनशिप प्रतियोगिता का शुभारंभ



**गोटेगांव।** नगर के प्रखर गार्डन में जबलपुर संभाग कुराश संघ द्वारा आयोजित 11वी जूनियर राज्य कुराश चैंपियनशिप 2025 (बालक बालिका) प्रतियोगिता का शुभारभ किया गया। इस प्रतियोगिता मे मध्यप्रदेश के सभी संभाग भोपाल, चंबल, ग्वालियर, इंदौर, जबलपुर, नर्मदापुरम, रीवा, सागर, शहडोल और उज्जैन के सभी प्रतिभागी हिस्सा रहे हैं,ऐसी प्रतियोगिताओ से स्थानीय बच्चो को खेलो के प्रति रूचि बढ़ेगी इस प्रतियोगिता मे चयनित प्रतिभागियों को राष्ट्रीय स्तर पर हिस्सा लेने का अवसर मिलेगा एवं एसोसिएशन द्वारा सम्बंधित छात्र-छात्राओं को स्कॉलरशिप दी जाएगी। दो दिवसीय आयोजन में पूर्व विधायक संजय शर्मा ने प्रखर गार्डन मे पहुंच कर विधिवत पूजन अर्चन के पश्चात प्रतियोगिता का फीता काटकर शुभारंभ किया। समिति के अध्यक्ष जितिन राज एवं बिभोर बबेले ने द्वारा किया जा रहा है। यह आयोजन 11 से 12 अक्टूबर तक रखा गया है जिसमें बाहर से आए हुए खिलाड़ियों कुराश प्रतियोगिता में हिस्सा ले रहे हैं।

## अखिल भारतीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता बहनों की आज प्रारंभ होगी



**गोटेगांव।** सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोटेगांव में विद्या राजेश भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान दिव्या भारती राष्ट्रीय खेल कल विभाग द्वारा सरस्वती शिक्षा परिषद महाकौशल प्रांत के द्वारा आयोजन सरस्वती शिशु मंदिर गोटेगांव में संपूर्ण देश से आठ क्षेत्र से लगभग 300 बहनों 14 17 19 वर्ग के वर्ग समूह की वॉलीबॉल प्रतियोगिता का प्रारंभ 12 अक्टूबर 2025 को प्रातः है 10:00 बजे क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक महेंद्र नागेश जिला पंचायत अध्यक्ष ज्योतिकाकोड़या जिला भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष रामसनेही पाठक सरस्वती शिक्षा परिषद संगठन मंत्री अमित जी दवे समाजसेवी पंकज जी खरया प्रतियोगिता की खेल संयोजक जम्मू उत्तर क्षेत्र कुलदीप राज वॉलीबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ होने जा रहा है जिसमें उपस्थित की संस्था के अध्यक्ष हाकम सिंह चढार व्यवस्थापक राजकुमार जैन उपाध्यक्ष विकास जैन सहसचिव देवदत्त पचौरी कोषाध्यक्ष शिवाजीराव पाटिल पूर्व राज्य मंत्री जालम सिंह पटेल सुरेश चंद जैन अनुराग जैन चंद्रगुप्त आर्य चौधरी विश्वनाथ सिंह पटेल मोहन सिंह पटेल राव संतोष सिंह पटेल रवि शंकर पाराशर सतीश खरया निखिलेश जैन श्याम किशोर दीक्षित प्रधानाचार्य नर्मदा गुप्ता प्रभारी प्राचार्यसंतोष बे न किशोर शुक्ला संजय जैन राम सिया मिश्रा सरदार पटेल गुलाब मेहरा मुकेश सोनी कृष्णकांत अग्रवाल आचार्य परिवार श्री आदर्श शिक्षा समिति ने सभी से आग्रह किया है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने का कष्ट करें।

## चांद का दीदार कर किया व्रत का परायण





### पति की लंबी उम्र के लिए पत्नियों ने रखा था व्रत

**तेंदूखेड़ा।** पति की लंबी उम्र को लेकर किये जाने वाले करवा चौथ पर पत्नियों ने निर्जला व्रत रखा और चंद्र दर्शन कर अर्घ्य देकर पूजन के साथ चलनी की ओट से दीदार किया। रात्रि लगभग आठ बजे सभी महिलाएं तैयार होकर अपने अपने मकानों के छतों पर पहुंच गई विद्युत साज सज्जा के बीच पहले विधी विधान से पूजन अर्चन किया। चांद निकलते ही पूजन अर्चन किया। पतियों ने पानी पिलाकर मिष्ठान खिलाकर व्रत परायण कराया और उपहार भेंट किए। बाहर दूर सर्विस पर गये नौकरी पेशा वालों की ग्रहणियों ने वीडियो कालिंग कर व्रत परायण और पूजन अर्चन किया। मुहल्ला पड़ोस की सभी महिलाओं ने सामूहिक पूजन किया। इसके पूर्व शाम तक बाजार में अच्छी चहल पहल देखी गई ।विशेष तौर से साड़ियों सोने चांदी ब्यूटी पार्लर सौन्दर्य प्रसाधन के साथ मिष्ठान की दुकानों पर विशेष भीड़ देखी गई।